Australian Government

Department of Health and Aged Care

Hindi | हिन्दी

# पहचान रहित जानकारी साझा करने की सहमति

मेडिकेयर अर्जेंट केयर क्लीनिक (Medicare Urgent Care Clinics) एक सार्वजनिक स्वास्थ्य पहल है जिसे ऑस्ट्रेलियाई सरकार और राज्य एवं राज्य-क्षेत्रीय सरकारों द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है।

चिकित्सा सेवाएं प्रदान करते समय यह क्लिनिक कुछ व्यक्तिगत जानकारी (आपके, आपकी संतान या किसी ऐसे अन्य व्यक्ति के बारे में जिसकी जिम्मेदारी आपकी है) एकत्र करेगा।

> **व्यक्तिगत जानकारी** वह जानकारी है जो आपकी पहचान करती है, जैसे आपका नाम और पता। क्लिनिक आपका नाम, आयु, पता, मेडिकेयर नंबर, स्वदेशी स्थिति, आपके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी और आपको प्रदान की गई सेवाओं (जैसे प्रदान किए गए उपचार का प्रकार और उपचार का समय) के बारे में जानकारी एकत्र करेगा।
>
> **पहचान रहित जानकारी** लोगों के बारे में जानकारी होती है, लेकिन इसमें लोगों की पहचान ज्ञात नहीं होती है और उनकी पहचान का पता नहीं लगाया जा सकता है।

---

समुदाय के लिए यह पता लगाना बहुत महत्वपूर्ण है कि क्या ऑस्ट्रेलियाई लोगों को सामयिक और किफायती स्वास्थ्य सेवाओं (विशेष रूप से कार्य-घंटों के बाद) तक पहुंच प्रदान करने के लिए Medicare Urgent Care Clinics काम कर रहे हैं या नहीं और यह कि क्या इससे आपातकालीन विभागों पर मांग को कम करने में मदद मिलती है या नहीं।

**यदि आप सहमत हैं -** क्लिनिक ऑस्ट्रेलियाई सरकार के स्वास्थ्य और वृद्ध देखभाल विभाग को आपको प्रदान की गई सेवाओं के बारे में **पहचान रहित** जानकारी प्रदान करेगा। सुरक्षित डेटा संग्रह सेवा (जिसे विभाग द्वारा अनुबंधित किसी तीसरे पक्ष द्वारा प्रदान किया जाता है) का उपयोग करके जानकारी भेजने से पहले क्लिनिक की रिकॉर्ड्स प्रणाली **आपका नाम, जन्मतिथि, पता और मेडिकेयर नंबर हटा देगी।**

विभाग पहचान रहित जानकारी को अन्य मेडिकेयर जानकारी से अलग रखेगा, और इसका उपयोग केवल निम्नलिखित के लिए करेगा:

- पहलकदमी के प्रभाव की निगरानी करने और सेवा सुधार के बारे में सूचित करने के लिए;
- आँकड़े और रिपोर्ट तैयार करने के लिए;
- सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों की जानकारी देने और उनका मूल्यांकन करने के लिए;
- सेवा योजना को सूचित करने के लिए; और
- अनुसंधान एवं विकास करने के लिए।

विभाग हमेशा प्रासंगिक गोपनीयता कानूनों का अनुपालन करेगा।

---

विभाग अन्य निकायों, जैसे राज्य एवं राज्य-क्षेत्र सरकारों, प्राथमिक स्वास्थ्य नेटवर्क और ऑस्ट्रेलियाई स्वास्थ्य और कल्याण संस्थान (AIHW) को भी पहचान रहित जानकारी प्रदान कर सकता है, ताकि आप जहाँ रहते हैं वहां स्वास्थ्य सेवाओं की योजना बनाने और यह विश्लेषण करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें कि स्वास्थ्य प्रणाली कैसे काम कर रही है।

AIHW और राज्य एवं राज्य-क्षेत्र सरकारें- पहचान रहित जानकारी को उनके पास मौजूद अन्य डेटा के साथ जोड़ सकती हैं, लेकिन केवल तभी जब गोपनीयता और अन्य कानूनों के तहत इसकी अनुमति हो। आपकी पहचान रहित जानकारी को क्लिनिक में निर्मित विशिष्ट कोड का उपयोग करके जोड़ा जा सकता है। ये कोड आपकी व्यक्तिगत रूप से पहचान किए बिना विभिन्न डेटा स्रोतों से आपके बारे में जानकारी को संयोजित करने में सक्षम बनाते हैं। ये निकाय सुनिश्चित करेंगे कि आपको उनके काम के किसी भी शोध निष्कर्षों, रिपोर्ट्स या अन्य आउटपुट में व्यक्तिगत रूप से पहचाना नहीं जा सकता है।

**आपको इस साझाकरण के लिए सहमति देने की आवश्यकता नहीं है**। यदि आप नहीं भी कहते हैं तो भी आप क्लिनिक से सेवाएँ प्राप्त करेंगे

। यदि आप अपना मन बदल लेते हैं, तो आप क्लिनिक को पहचान- रहित जानकारी भेजना बंद करने के लिए कह सकते हैं (लेकिन पहले से ही साझा की गई किसी पहचान रहित जानकारी का उपयोग बंद करना संभव नहीं होगा)।

Medicare Urgent Care Clinics प्रोग्राम के भाग के तौर पर जानकारी को कैसे प्रबंधित किया जाता है, इसके बारे में **अधिक विवरण**, जिसमें यह शामिल है कि आप कोई गोपनीयता पूछताछ या शिकायत कैसे कर सकते हैं, https://www.health.gov.au/our-work/medicare-urgent-care-clinics पर उपलब्ध मेडिकेयर यूसीसी गोपनीयता नोटिस में पाया जा सकता है, या आप इस क्लिनिक से एक प्रति मांग सकते हैं।

***क्लिनिक उपयोग के लिए***

रोगी रिकॉर्ड/संदर्भ संख्या:

Australian Government
Department of Health and Aged Care

**समझौता**

☐ मैं इस फॉर्म में निर्धारित उद्देश्यों के लिए विभाग को पहचान रहित जानकारी प्रदान करने के लिए सहमत हूं ।

☐ मैं इस फॉर्म में निर्धारित उद्देश्यों के लिए विभाग को अज्ञात जानकारी प्रदान करने से सहमत नहीं हूं ।

______________________________
*रोगी का नाम*

______________________________
*माता-पिता या अभिभावक का नाम (यदि प्रासंगिक हो)*

______________________________
*रोगी/माता-पिता/अभिभावक के हस्ताक्षर*

*दिनांक:* ________________________

***क्लिनिक उपयोग के लिए***
रोगी रिकॉर्ड/संदर्भ संख्या: